उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

<u>सूचना / विज्ञप्ति</u>

पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय), पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लिपिक) एवं पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लेखा) के पदों पर सीधी भर्ती–2023 के अन्तर्गत पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय) पद के अभ्यर्थियों की आशुलिपि श्रुतलेख टंकण (Transcription) परीक्षा के प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की सूचना का प्रकाशन

संख्या:पीआरपीबी–बी–(लिपिक संवर्ग)–21 / 2025, दिनांक: फरवरी, 24 2026

उत्तर प्रदेश पुलिस में पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय), पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लिपिक) एवं पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लेखा) के पदों पर सीधी भर्ती–2023 के अन्तर्गत पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय) पद पर आवेदन करने तथा कम्प्यूटर टंकण परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों की आशुलिपि श्रुतलेख टंकण (Transcription) परीक्षा दिनांक 28.02.2026 को जनपद–गौतमबुद्धनगर में निर्धारित परीक्षा केन्द्र में आयोजित की जायेगी।

2– पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय) पद के अभ्यर्थियों के आशुलिपि श्रुतलेख टंकण (Transcription) परीक्षा से सम्बन्धित प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाइट–**http://uppbpb.gov.in** पर आज दिनांक 24.02.2026 को अपलोड किये जा रहे हैं, जिन्हें अभ्यर्थी उपलब्ध लिंक पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर आशुलिपि परीक्षा हेतु निर्धारित तिथि व समय पर अपने परीक्षा केन्द्र पर पहुँचना सुनिश्चित करेंगे।

3– ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय) पद के लिए आवेदन किया था तथा कम्प्यूटर टाइपिंग टेस्ट में सफल पाये गये हैं उनका स्टेटस "You are qualified. Download your admit card for stenography test." प्रदर्शित होगा।

4– ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय) पद के लिए आवेदन किया था तथा कम्प्यूटर टाइपिंग टेस्ट में सफल नहीं पाये गये हैं उनका स्टेटस "Sorry You are not qualified and not shortlisted for stenography test." प्रदर्शित होगा।

5– ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय) पद के लिए आवेदन नहीं किया था अथवा अपना गलत लॉगिन डिटेल से लॉगिन करने का प्रयास कर रहे हैं उनका स्टेटस "Invalid Login credentials." प्रदर्शित होगा।

6–यह सूचना अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है। अभ्यर्थियों से यह भी अपेक्षा की जाती है कि वे अद्यतन जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाइट–**http://uppbpb.gov.in** का अवलोकन करते रहें।

(सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज)
पुलिस उप महानिरीक्षक / अपर सचिव, भर्ती,
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।